Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue related to construction of an underpass on railway line in Shravasti Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): अध्यक्ष महोदय, मैं अति महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान लोक सभा श्रावस्ती के जिला बलरामपुर के विकास खण्ड गैसडी के ग्राम सभा डालपुर बकौली में ग्राम भंवरिया से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 पर जाने वाले संपर्क मार्ग पर रेलवे लाइन के दोनों तरफ रेलवे विभाग द्वारा मार्ग को जेसीबी मशीन लगा कर गहरा गड्ढा खोद दिया गया है । मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण गांव के किसानों को अपना गन्ना क्रय केन्द्रों पर नहीं पहुंचा पा रहे हैं । यह गांव भाभर नाला व बरूनी नाला से तीनों तरफ से घिरा हुआ है । मानव रहित संपर्क मार्ग होने के कारण रेलवे के अधिकारियों द्वारा इसे आये दिन सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया जाता है, जबकि ग्रामीणों के लिए घर से दो पहिया या चार पहिया वाहन से निकल कर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए यही एकमात्र विकल्प है ।

अत: आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि किसानों की विकट समस्या को देखते हुए जनहित में मानव रहित रेलवे लाइन के पास एक अंडर पास मार्ग बनवाने का कष्ट करें, जिससे ग्रामीणों के आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा,

श्री मलूक नागर और

श्री गिरीश चन्द्र को श्री राम शिरोमणि वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

-

-

-